## एक नजर में

### शांति समिति की बैठक कल

**रतलाम।** अपर कलेक्टर डॉ शालिनी श्रीवास्तव ने बताया कि आगामी दिवस में आने वाले त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए रतलाम शहर में सुरक्षा एवं कानुन व्यवस्था बनाए रखने हेतु कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक 7 फरवरी को सायं 4 बजे से न्यू पुलिस अधिक्षक कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित की जाएगी।

### एमएसएमई क्रेडिट कैंप 7 फरवरी

**रतलाम।** कृषि उपज मंडी, अरनिया पीठा में सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 7 फरवरी को एमएसएमई क्रेडिट कैंप का आयोजन किया जाएगा। कैंप की अध्यक्षता सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, भोपाल अंचल के अंचल प्रमुख धीरज गोयल करेंगे। कैंप में क्षेत्र के एमएसएमई उद्यमियों को ऋण स्वीकृति पत्र प्रदान किए जाएंगे। उद्यमियों को भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन की विभिन्न व्यापार एवं स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में विभिन्न सेंट्रल बैंक शाखाओं के शाखा प्रबंधक, एसडीएम जावरा, मंडी सीईओ आर. वासुनिया, रतलाम क्षेत्रीय प्रमुख संतोष कुमार तथा लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर मोहन लाल मीणा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। यह कैंप क्षेत्र के उद्यमियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

### सैलाना में कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**रतलाम।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना में आज 5 फरवरी को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत स्पर्श कुष्ठ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें ब्लॉक सैलाना के बी एम ओ डॉ शैलेश द्वारा महात्मा गांधी की तस्वीर पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। इस दौरान 8 से 10 मरीज को जिनके पंजे में कमजोरी, उंगलियों में कमजोरी, आंख बंद करने में परेशानी, शरीर पर दाग एवं शुनयापन, शरीर पर हल्के चमकदार दाग में लालपन, सूजन तंत्रिकाओं में मोटापा, दर्द अथवा झनझनाहट की समस्या उसका निराकरण एवं दवाइयां से रोगी द्वारा निशुल्क एम डी टी दवाइयो का प्रभाव एवं मल्टी बैसीलरी एवं पेसि बैसीलरी मरीज को प्रतिदिन किए जाने वाले व्यायाम के बारे मे श्रीमती प्रियंका द्वारा बताया गया। इस दौरान बी ई ई कैलाश यादव, मुकेश खांगुडा, कलम डावर, लैब टेक्नीशियन विजय सोनी आदि उपस्थित थें। आभार नॉन मेडिकल अस्सिटेंट सुपरवाइजर सूरज सिंह डोडियार द्वारा माना गया।

### महिलाओं से अभद्र व्यवहार करने वाले आरोपियो पर प्रकरण दर्ज, जेल भेजा

**जावरा।** जिले मे इन दिनो महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर त्वरित एवं कठोर वैधानिक पुलिसीय कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में चौकी माननखेड़ा-थाना रिंगनोद पुलिस द्वारा महिला के साथ अभद्रता एवं जातिसूचक अपमान के मामलों में प्रभावी कार्रवाई की गई है। सोमवार को एक महिला फरियादिया के घर में आरोपी प्रहलाद कुमावत द्वारा अनधिकृत रूप से प्रवेश कर बुरी नीयत से हाथ पकड़ने, विरोध करने पर अश्लील गाली-गलौज, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग तथा जान से मारने की धमकी देने की घटना सामने आई है। मंगलवार को प्राप्त रिपोर्ट एवं वायरल वीडियो के आधार पर थाना रिंगनोद में धारा 74, 331(2), 296, 351(3) बीएनएसएस तथा एससी/एसटी एक्ट की धारा में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लेकर विधिसम्मत कार्यवाही की गई एवं न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जेल भेजा गया। पुलिस के अनुसार रविवार की रात्रि में ग्राम पिपलिया जोधा में दो आरोपियों जिनके नाम मुकेश कुमावत व पुष्कर कुमावत द्वारा एक महिला फरियादिया के घर जाकर बाहर बुलाने, बाहर न आने पर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग, अश्लील गाली-गलौज एवं जान से मारने की धमकी देने की सूचना प्राप्त हुई। प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई जारी है।

### शेखर नाहर भारतीय जैन संघटना के राज्य उपाध्यक्ष मनोनीत, किया सम्मान-

**जावरा।** भारतीय जैन संघटना द्वारा आयोजित प्रदेश सम्मेलन उज्जेन में आयोजित किया गया जिसमें नगर के समाजसेवी शेखर नाहर को संस्थापक अध्यक्ष शांतिलाल मुथा, प्रफुल्ल पारख राष्ट्रीय अध्यक्ष, नन्दकिशोर शाह मध्यप्रदेश राज्य अध्यक्ष, श्रीमतीं साशा जैन, पंकज चोपडा, संदीप जटाले प्रदेश महासचिव, कमलेश जैन प्रदेश सचिव द्वारा गरिमामय कार्यक्रम में मध्यप्रदेश राज्य उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस उपलब्धि पर बीजेएस जावरा अध्यक्ष सुरेन्द सुराणा, अनिल धारीवाल, संदीप रांका, पंकज कांठेड, अमित चत्तर, आशीष सकलेचा, राजुकमार मारवाडी, संजय सुराणा, सौरभ मेहता, प्रतीक डूंगरवाल द्वारा उनका स्वागत सम्मान किया गया। एवं आपका कार्यकाल सामाजिक क्षेत्र की मिसाल बनें यह कामना की गई।

# कांग्रेस के पदाधिकारियों ने फूंका चुनाव आयोग का पुतला

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कांग्रेस ने गुरूवार को वोटर लिस्ट में हेरा-फेरी का आरोप लगाया। इस दौरान चुनाव आयोग का पुतला फूंका।

वोटर लिस्ट में हेरा फेरी कर भाजपा के एजेंट की तरह वोट चोरी का षड्यंत्र करने के लिए मोदी सरकार मुर्दाबाद, मोहन सरकार मुर्दाबाद के नारे के साथ चुनाव

**कांग्रेस का वोटर लिस्ट में हेरा फेरी का आरोप, किया प्रदर्शन**

आयोग का गुरूवार को पुतला जलाया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी के नाम ज्ञापन तहसीलदार ऋषभ ठाकुर को दिया गया।

ज्ञापन का वाचन करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहा की जिला निर्वाचन अधिकारी रतलाम शहर में जितनी आपत्ति और आवेदन मिले हैं, उनकी वार्ड और बुथ अनुसार सूची जारी करें। बोगस आवेदनकर्ता पर प्रकरण दर्ज करें नहीं तो कांग्रेस सड़कों पर आंदोलन करेगी। शहर कांग्रेस द्वारा भाजपा द्वारा वोटर लिस्ट में हेरा फेरी करने और वोट चोरी के माध्यम से पात्र के नाम कटवाने और अपात्रों के नाम जुड़वाने के षड्यंत्र के खिलाफ घांस बाजार चौराहे पर विशाल धरना आयोजित किया गया। धरने को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सजगता से बोगस नाम कटने से बौखलाई भाजपा ने जिला निर्वाचन पर दबाव बनाकर जिले में 108401 नोटिस जारी किये हैं। नोटिस पर हजारों की उपस्थिति ने भाजपा के मंसूबे पर पानी फेर दिया है।



**आरोप: 40-50 साल से वोट डाल रहे फिर भी नोटिस मिला**

धरने के दौरान बसंत पंड्या ने दस से अधिक मतदाताओं को दस्तावेज सहित उपस्थित कर बताया की 40 से 50 साल से लगातार वोट डालने के बाद भी इन्हें नोटिस जारी कर, इनका नाम काटने का षड्यंत्र किया जा रहा है। धरने के बाद चुनाव आयोग का पुतला जलाया गया।

उन्होंने जिला निर्वाचन अधिकारी को कहा कि वह नियमानुसार कार्य करें वरना परिणाम भुगतने को तैयार रहै। धरने को शहर कांग्रेस पूर्व अध्यक्ष महेंद्र कटारिया, पूर्व नगरनिगम अध्यक्ष सतीश पुरोहित, यासमीन शेरानी, कमरुद्दीन कछवाया, वहीद शेरानी, नासिर कुरेशी, सलीम मोहम्मद बागवान, सुजीत उपाध्याय, पीयूष बाफना, आशा रावत, प्रदीप राठौर, मेहमूद शैरानी, शांतु गवली, राजीव रावत, केएल गौसर, रजनीकांत व्यास, सोहेल काजी, चंद्र प्रकाश मेहता, राजेश पुरोहित, आदि ने संबोधित किया।

इस अवसर पर पार्षदगण सविता महावार, केसरबाई गरगामा, मीनाक्षी सेन, राजनाथ यादव, संजय छाजेड़, नीलेश शर्मा, डॉक्टर मुस्तफा, सोनु व्यास, रोहित मीणा आदि सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन बसंत पंड्या तथा आभार प्रदर्शन मनोज वर्मा ने किया।

# कलेक्टर ने माही समूह जल प्रदाय योजना का किया निरीक्षण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** कलेक्टर मिशा सिंह ने आज जल निगम एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ रतलाम जिले के ग्राम महुडी का माल मे माही समूह जल प्रदाय परियोजना का निरीक्षण किया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक

**परियोजना से रतलाम जिले के 630 गांव लाभान्वित होंगे**

निर्देश दिए। जल निगम के महाप्रबंधक कुलदीप सिंह कलाम ने बताया कि परियोजना के माध्यम से माही नदी के जल को वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से रतलाम जिले के 630 गांव तथा रतलाम जिले के पांच नगरीय निकाय में शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की योजना के संबंध में आवश्यक निर्माण कार्य किया जा रहा है। परियोजना में 164.6 2 मिलियन लीटर प्रतिदिन पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। इससे रतलाम जिले के रतलाम ग्रामीण, पिपलोदा, जावरा, सैलाना, बजाना विकासखंड के लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में पानी की टंकी पेयजल की आंतरिक पाइपलाइन आदि को विस्तार देकर कार्य किया जा रहा है। परियोजना पूर्ण होने के बाद आगामी 10 वर्ष तक समस्त प्रकार का मेंटेनेंस एवं सुधार कार्य एजेंसी द्वारा किया जाएगा। संबंधित ग्राम पंचायत को केवल वाल्व खोलना और बंद करने संबंधी कार्य करना होगा। कलेक्टर ने परियोजना के संबंध में अत्यंत सूक्ष्म और गहन अवलोकन किया तथा निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण करने तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से सहयोग और समन्वय करते हुए उच्च गुणवत्ता युक्त कार्य संपन्न करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने रावटी से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम कुंवरपाड़ा का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने तहसीलदार कार्यालय रावटी का भी निरीक्षण किया कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण संबंधी कार्यों की समीक्षा की। भ्रमण के दौरान डीसी कथेरिया एसडीओ, सीताराम जांगड़े ई ई पी एच ई, विजय मचार सहायक यंत्री पी एच ई, राकेश बेहरा प्रबंधक जल जीवन, संजू मंडलोई अरविंद शर्मा, श्रीनिवास राव, जैन सहायक यंत्री पी एच ई, तहसीलदार वंदना किराडे सहित संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



**सगोद रोड पर चल रहे पाइपलाइन डालने का कार्य देखा**

कलेक्टर ने सगोद रोड पर चल रहे पाइपलाइन डालने संबंधी निर्माण कार्य का अवलोकन किया एवं निर्माण कार्य के दौरान राजस्व विभाग से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्राम मोर बनी में पानी की टंकी का निरीक्षण किया। पानी की टंकी की नियमित साफ सफाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि पेयजल की टंकी की सफाई का दिनांक अंकित किया जाए तथा निर्धारित तिथि पर नियमित रूप से सफाई की जाए। गांव के लोगों ने बताया कि गांव में कुल 15 पानी के वाल्व है, अल्टरनेट दिवस के आधार पर पेयजल की सप्लाई की जा रही है तथा पानी का प्रेशर अच्छा है। कलेक्टर ने ग्रामीण जनों के घर पर जाकर पेयजल की व्यवस्था देखी। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि रतलाम जिले के बजाना और जावरा विकासखंड में भी स्टोरेज टैंक की व्यवस्था उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने ग्राम दांतोड़ा में ओवरहेड टैंक का कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए। सरपंच एवं सचिव द्वारा बताया गया कि पेयजल के संबंध में गांव में लगभग आधे लोग ही पेयजल के दिए राशि जमा कर रहे हैं। कलेक्टर ने पंचायत सचिव को ग्रामीण क्षेत्र में 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध जनों के आयुष्मान कार्ड बनाने तथा आवास की सूची चस्पा करने के निर्देश दिए।

# रतलाम ट्रॉफी 2026 : राष्ट्रगान के साथ शुरू हुए मुकाबले

**रतलाम।** रतलाम ट्रॉफी 2026 रात्रिकालीन क्रिकेट स्पर्धा का दूसरा दिन बुधवार को दो बत्ती स्थित नेहरू स्टेडियम (पोलो ग्राउंड) में राष्ट्रगान के साथ प्रारंभ हुआ। दूसरे दिन खिलाड़ियों के साथ दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। मैचों के मुख्य अतिथि नगर निगम एमआईसी सदस्य दिलीप गांधी रहे। विशेष अतिथियों में रामलाल डाबी, भगत सिंह भदोरिया, राजू सोनी एवं पप्पू पुरोहित उपस्थित रहे।

आयोजक अक्षय संघवी के साथ संरक्षक अशोक जैन लाला, पीयूष कप्तान, ओम जाट एवं हितेश बरमेचा मंचासीन रहे। अक्षय संघवी एवं मित्र मंडल द्वारा अतिथियों का दुपट्टा पहनाकर एवं मोतियों की माला से स्वागत किया गया। इसके पश्चात अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। स्पर्धा का पहला मुकाबला



डिफेंडर एवं ब्रदर्स टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए डिफेंडर टीम ने 8 ओवर में 87 रन का लक्ष्य रखा और मुकाबला अपने नाम किया। दूसरा मैच बाबुस एवं सुखेड़ा टीमों के बीच खेला गया, जिसमें बाबुस टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी की।

बाबुस ने खबर लिखने तक 8 आवर में 64 रन का लक्ष्य दिया तीसरा मुकाबला शेरानी एवं इंडियन गोल्ड टीमों के बीच देर रात तक रोमांचक ढंग से खेला जाएगा। मैचों में अंपायरिंग की जिम्मेदारी मोनू पड्या, राजकुमार रुद्र एवं मोहित ने निभाई, जबकि स्कोरिंग निलेश एवं सारांश द्वारा की गई। आयोजकों के अनुसार गुरुवार को तीन मुकाबले खेले जाएंगे। पहला मैच कल्टर नाइट एवं वंदे मातरम के बीच, दूसरा उम्र फेमस एवं एमपी फोर्स के मध्य तथा तीसरा मुकाबला रिलायबल एवं सेठ 11 टीमों के बीच खेला जाएगा।

## ज्ञापन सौंप की रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं की मांग

**जावरा।** जावरा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों को हो रही विभिन्न समस्याओं और सुविधाओं की कमी को लेकर श्री श्वेताम्बर जैन वरिष्ठ सेवा समिति, जावरा ने डी. आर. एम. महोदय रतलाम के नाम एक ज्ञापन स्टेशन मास्टर जावरा को सौंपकर शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई की मांग की है। समिति के अध्यक्ष अभय सुराणा ने बताया कि स्टेशन पर मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने से यात्रियों, विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और बच्चों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। प्लेटफार्म नंबर दो से बाहर जाने के लिए बना कच्चा मार्ग गंदगी और कीचड़ से भरा रहता है, जिससे यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है। इसके अलावा प्लेटफॉर्म नंबर दो पर टिकट खिड़की की कमी, वाटर कूलर का अभाव, वातानुकूलित प्रतीक्षालय (वेटिंग रूम) और कैंटीन सुविधा का न होना भी प्रमुख समस्याओं के रूप में सामने आया। समिति ने प्लेटफॉर्मों के बीच आवागमन को सुगम बनाने के लिए एस्केलेटर की सुविधा उपलब्ध कराने की भी मांग की। दोनों प्लेटफार्म पर एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली कोच डिस्प्ले नहीं लगा हुआ है जिसके कारण बहुत ज्यादा परेशानी होती है।



## राष्ट्रीय सम्मेलन मंथन चिंतन से सार्थक परिणाम आएंगे : शर्मा

**रतलाम।** समाज में फेल रही कुरितिया को रोकने के लिए राष्ट्रीय सम्मेलन में जो मंथन चिंतन 16 मुद्दों पर आयोजित किया गया उसके सार्थक परिणाम भविष्य में आएंगे उपरोक्त विचार अखिल श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाज संस्था पुष्कर के पूर्व उपाध्यक्ष एवं सेवानिवृत स्टेशन डायरेक्टर रेलवे जोधपुर ललित शर्मा ने रतलाम आगमन पर श्री श्रीमाली ब्राह्मण समाजनो द्वारा आयोजित स्वागत सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किये।

आपने अपने सम्मेलन के मुद्दों पर चर्चा करते हुए बताया कि पाश्चात्य संस्कृति वेडिंग शूटिंग, फिल्मों व सीरियल से प्रेरित हल्दी, सगाई के नाम पर कच्ची दस्तूरी एवं रिंग सेरेमनी, महिला संगीत, पारंपरिक पेरावणी, अंतरजातीय विवाह, स्थानीय इकाइयों के सहयोग से जिला स्तरीय पंच परमेश्वर कमेटी का गठन, विवाह व अन्य प्रयोजनों पर खर्च नियंत्रण, आदि मुद्दों पर शर्मा ने ध्यान आकर्षित किया तथा आह्वान किया कि हमें इन सभी कुरीतियों पर समाज में ध्यान देना चाहिए जिससे समाज विकसित हो प्रगतिशील हो। इस अवसर पर श्रीमाली ब्राह्मण समाज के प्रकाश चंद्र व्यास, अविनाश चंद्र व्यास, सुनील व्यास, सुरेश चंद्र व्यास, विपिन त्रिवेदी, जूगल किशोर ओझा, गोपाल दशोत्तर, महेश दवे, अशोक दीक्षित आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंथन चिंतन पर प्रकाशित स्मारिका समाजजनों को भेंट की।

# ग्रामीणों और पुलिस टीम पर फायर करने वाले लुटेरे कंजर गिरफ्तार

**रतलाम।** जिले के आलोट थाना क्षेत्र अंतर्गत दो वर्ष पूर्व पेट्रोल पंप लूटने की योजना बनाते समय ग्रामीण पर फायर करने और पिछले वर्ष पुलिस टीम के ऊपर फायर करने वाले दो फरार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

आरोपियों से लोहे का एक देसी कट्टा भी बरामद किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबीर की सूचना पर दो वर्ष पुर्व भोजाखेडी मगरे स्थित पेट्रोल पंप पर लूट डकेती की योजना बनाते समय ग्रामीणजनो के पहुचने पर उनके उपर फायर करने वाले व पिछले वर्ष ताजली रोड स्थित खेत पर पुलिस के उपर फायर करने वाले फरार आरोपी कालु उर्फ शम्भु पिता हडमत कंजर 32 वर्षीय निवासी अरनिया थाना उन्हेल नागेश्वर जिला झालावाड राजस्थान को पकडने मे सफलता मिली है। आरोपी कालु से पुछताछ करने पर बताया कि घटना दिनांक 26.10.2025 को रात्री के समय अपने अन्य कंजर साथी बलवंत पिता विक्रम कंजर निवासी अरनिया के साथ ताजली रोड पर लखन दमामी निवासी बर्डिया राठौर के साथ बैठकर बातचीत करते समय व चोरी की वारदात करने से पुर्व पुलिस के आने पर उनके उपर देशी कट्टे से फायर करना स्वीकार किया। जिस पर आरोपी लखन दमामी निवासी बर्डिया राठौर को भी गिरफ्तार किया गया है।

# अरिहंत महाविद्यालय में कुरुक्षेत्र खेल महोत्सव, छात्रों ने की प्रतिस्पर्धा




**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** अरिहंत महाविद्यालय में विद्यार्थियों के शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से तीन दिवसीय वार्षिक खेल महोत्सव कुरुक्षेत्र का भव्य आयोजन किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंधन द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उद्घाटन अवसर पर प्रबंधन ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेलों के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, आत्मविश्वास, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। तीन दिनों तक चले इस खेल महोत्सव के दौरान विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिनमें क्रिकेट, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, चेयर रेस, शॉट पुट, जैवलिन थ्रो, दौड़, रस्साकशी सहित अनेक खेल गतिविधियाँ शामिल रहीं। सभी प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने पूरे जोश, ऊर्जा और खेल भावना के साथ भाग लिया।

क्रिकेट प्रतियोगिता में विभिन्न टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, वहीं टेबल टेनिस और बैडमिंटन में खिलाड़ियों ने अपनी तकनीकी दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। एथलेटिक्स स्पर्धाओं में विद्यार्थियों की गति, संतुलन और शक्ति देखने योग्य रही। चेयर रेस जैसी मनोरंजक प्रतियोगिताओं ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

समापन समारोह में उप-प्राचार्य डॉ. नितिन राव चव्हाण एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ. आनंद त्रिवेदी ने विजेता एवं उपविजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और संबोधन में कहा कि कुरुक्षेत्र जैसे आयोजन विद्यार्थियों में प्रतिस्पर्धात्मक भावना के साथ-साथ नैतिक मूल्यों और सहयोग की भावना को भी विकसित करते हैं।

तीन दिवसीय खेल महोत्सव कुरुक्षेत्र न केवल एक खेल प्रतियोगिता रहा, बल्कि यह विद्यार्थियों के लिए सीख, प्रेरणा और मनोरंजन का अनूठा संगम साबित हुआ, जिसे सभी प्रतिभागी लंबे समय तक याद रखेंगे।

# जहरीली शराब प्रकरण में कंजर आरोपी की जमानत निरस्त, पुलिस की कार्रवाई

**जावरा।** जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार के निर्देश पर जिले मे मादक पदार्थ तस्करो की प्रतिदिन घेराबंदी जारी है। आदतन अपराधियों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्रवाई का अभियान निरंतर चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना औद्योगिक क्षेत्र जावरा अंतर्गत जहरीली शराब अपराध में आरोपी की जमानत निरस्तीकरण की कार्यवाही की गई। 24.सितम्बर 2025 को थाना औद्योगिक क्षेत्र पर मुखबिर सूचना के आधार पर उखेडिया-केरवासा कच्चा रास्ता (खदान के पास) से आरोपी नवीन पिता जगदीश कंजर, (21) ग्राम उखेडिया के कब्जे से एक सफेद प्लास्टिक की 10 लीटर की केन में यूरिया से बनी हाथ भट्टी की कच्ची शराब जप्त की गई। जप्त शराब को आर्टिकल एवं सैंपल 1 के रूप में सील किया गया। आरोपी को गिरफ्तार कर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जमानत निरस्ती की कार्रवाई एफएसएल रिपोर्ट एवं न्यायालीन कार्यवाही विवेचना के दौरान जप्तशुदा शराब का सैंपल क्षेत्रीय न्यायालयिक विज्ञान प्रयोगशाला रतलाम भेजा गया। एफएसएल रिपोर्ट में सैंपल-1 को मानवीय सेवन हेतु अनुपयुक्त (हानिकारक/जहरीला) पाया गया। एफएसएल रिपोर्ट में शराब के मानवीय सेवन हेतु अनुपयुक्त पाए जाने के उपरांत पुलिस कप्तान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम ग्रामीण विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी आईए जावरा विक्रमसिंह चौहान के द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी नवीन कंजर की जमानत निरस्त की गई। इस पर सरसी चौकी प्रभारी उप निरीक्षक शिवेंद्र कुमार के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आरोपी को गिरफ्तार किया। निरीक्षक विक्रम सिंह चौहान टीआई आईए जावरा, उप निरीक्षक शिवेंद्र कुमार, चौकी प्रभारी सरसी, सउनि राजू डामोर, प्रआर दिलीप शर्मा, आर विकास पालीवाल, योगेश राठौर, रवि पाटीदार, हरदीप जाट, सै. कमल सोनार्थी की अहम भूमिका रही।

**कार्रवाई** चौकी ढोढर पुलिस द्वार एमडी ड्रग्स तस्करों को किया गिरफ्तार

# अवैध मादक पदार्थ के विरुद्ध कार्रवाई, 160 ग्राम एमडी जब्त

**नवभारत न्यूज**

**ढोढर।** जिला पुलिस कप्तान अमित कुमार के निर्देश पर जिले मे मादक पदार्थ तस्करो की प्रतिदिन घेराबंदी जारी है। इसी कडी मे थाना रिंगनोद द्वारा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल व अनुविभागीय अधिकारी जावरा संदीप मालवीय के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी रिंगनोद आनन्दसिंह आजाद के नेतृत्व में चौकी प्रभारी उनि रघुवीर जोशी द्वारा मुखबीर सुचना पर दिनांक 5 फरवरी को एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुए आरोपी इमरान खान पिता गबु खान जाति मेवाती उम्र 39 साल निवासी गाजीपुरा थाना धामनोद को महु नीमच फोरलेन रोड एमपीईबी ग्रीड के सामने ढोढर पर घेराबंदी कर पकडा तथा आरोपी की तलाशी, पहचान, तौल की कार्यवाही उपरान्त आरोपी इमरान से 60 ग्राम एमडी ड्रग्स जप्त की गई बाद आरोपी इमरान को गिरफ्तार किया गया। आरोपी इमरान पुर्व में भी थाना रिंगनोद के अपराध क्रमांक 481/2026 धारा 8/22, 29 एनडीपीएस एक्ट में फरार चल रहा था जो आरोपी इमरान से एमडी ड्रग्स के संबंध में पूछताछ करते आरोपी इमरान द्वारा जप्तशुदा एमडी ड्रग्स सलमान खान निवासी सोनगरी थाना दलोदा जिला मन्दसौर से लाना बताया एवं यह भी बताया गया कि सलमान अपने पास एमडी ड्रग्स रखता है। जो थाना रिंगनोद से तत्काल टीम गठित कर एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानो का पालन करते हुये आरोपी इमरान की निशादेही पर ढोढर रोड़ मोयाखेड़ा के यहां से आरोपी सलमान खान पिता मोहम्मद शफी खान जाति मेवाती उम्र 32 साल निवासी सोनगरी थाना दलोदा जिला मन्दसौर को घेराबंदी कर पकडा तथा आरोपी सलमान की तलाशी, पहचान, तौल की कार्यवाही उपरान्त आरोपी सलमान से 100 ग्राम एम.डी ड्रग्स जप्त की गई। बाद दोनो आरोपियो को न्यायालय पेश किया गया जो वर्तमान में आरोपी पी.आर. पर है। आरोपियो से अवैध मादक पदार्थ एम.डी. ड्रग्स के स्त्रोत के संबंध में पुछताछ जारी है। अवैध मादक पदार्थ एमडी ड्रग्स वजन 160 ग्राम कीमत 16,00,000 (सोलह लाख रूपये) बताइ जा रही है। उक्त कार्रवाई मे राहुल उपाध्याय, जितेन्द्र व्यास, मुकेश गेहलोत, शोभाराम शर्मा, कृष्णपालसिंह, नरेन्द्रसिंह जगावत।

